तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शनिवार 7 जून 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

14 इस बार खेती किसानों की तैयारी से पहले मानसून ने दी दस्तक ..



12 विश्व पर्यावरण दिवसः हरीतिमामय हुआ ...



## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय रोजगार मेला लगेगा 9 जून को

**बेमेतरा।** जिला कौशल विकास प्राधिकरण, बेमेतरा एवं जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज के संयुक्त रूप से 9 जून को सुबह 11 बजे से जिला स्तरीय एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। मेला जिला पंचायत संसाधन केंद्र बेमेतरा मे होगा। मेले में नुट्रिएंट्री क्रॉप केयर पीवीटी एलटीडी बिलासपुर द्वारा युवाओं की भर्ती की जाएगी। चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति फील्ड के पदों पर की जाएगी। इस रोजगार मेले में 10वीं एवं 12वीं पास अभ्यर्थी जिनकी शैक्षणिक योग्यता संबंधित पद के लिए उपयुक्त हो, वे भाग ले सकते हैं। अभ्यर्थियों को दो पासपोर्ट साइज फोटो, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्रों की छायाप्रति, एवं पहचान पत्र के साथ मेले में उपस्थित होना अनिवार्य होगा। जिला कौशल विकास प्राधिकरण के सहायक संचालक ने युवाओं से इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।

### चोरी के मामले में 3 साल से फरार आरोपी पकड़ाया

**भिलाई।** चोरी के एक मामले में तीन साल से फरार चल रहे आरोपी खेदामारा निवासी महेंद्र सोनवानी को जामुल पुलिस ने पकड़ा। इसके विरुद्ध कृष्णा नारंग की रिपोर्ट पर अपराध दर्ज था। पुलिस में दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक कृष्णा ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 28 जून 2023 को रात करीबन 1:30 बजे घर का दरवाजा कोई खटखटा रहा था। उठकर देखने पर घर के अंदर पड़ोस का रहने वाला महेन्द्र छिपा हुआ था। प्रार्थी को देखकर दरवाजा खोलकर भाग गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। जांच के बाद लगातार खोजबीन की गई। आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से रिमांड पर उसे जेल भेज दिया गया।

### शराब तस्करी के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** पाटन पुलिस ने फुंडा की एक बाड़ी में मिली लाखों की शराब मामले में फरार चल रहे आरोपी शत्रुहन उर्फ सालिक पिता सुकुलाल साहू को गिरफ्तार किया। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर घटना स्थल से मध्यप्रदेश निर्मित 500 पेटी अंग्रेजी गोवा शराब जब्त की थी। मामले में 3 वाहन, 9 नग मोबाइल, प्लास्टिक शीट भी जब्त किया गया था। सारे सामान की कीमत 4ण्28 लाख रुपए आंकी गई थी। मामले में 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। शत्रुहन साहू फरार चल रहा था।

### ट्रैफिक रूल्स तोड़ने वाले 285 पर कार्रवाई

**भिलाई।** ट्रैफिक पुलिस इन दिनों ऑपरेशन सुरक्षा चला रही है। इसके अंतर्गत शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर नियमित रूप से सर्चिंग की जा रही है। गुरुवार को अभियान चलाकर ट्रैफिक रूल्स तोड़ने वाले 285 वाहनों चालकों पर कार्रवाई की गई। उनसे जुर्माना वसूला किया गया।मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत कार्रवाई की गई। कुछ वाहन चालको के लाइसेंस भी निलंबित किए गए। अभियान मुख्य रूप से चौक-चौराहो की अभियांत्रिकी त्रुटि को दूर करने, सडको से अतिक्रमण हटाने, यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत दो पहिया वाहन में तीन सवारी, मॉडिफाई साइलेंसर का उपयोग, बिना नंबर एवं नशे की हालत में वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई की गई। ब्रीथ एनेलाइजर मशीन से नशे की हालत में वाहन चलाने वालों की जांच की गई। 8 चालकों को न्यायालय में पेश किया गया। जहां चालकों पर 10 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया गया। मॉडिफाइ साइलेंसर का उपयोग करने वालों से 5-5 हजार रुपए वसूला गया।

**समस्या:** ग्रामवासियों की गुहार के बावजूद प्रशासन मौन

# परपोड़ा स्कूल में शिक्षकों की कमी, 12 साल से पदस्थ शिक्षक और सहायक ग्रेड-2 आज तक स्कूल नहीं पहुंचे!




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

विकासखंड बेरला अंतर्गत ग्राम पंचायत परपोड़ा का चंद्रशेखर आज़ाद हायर सेकंडरी स्कूल इन दिनों शिक्षकों की भारी कमी से जूझ रहा है। स्कूल में वर्ष 2013 से पदस्थ सहायक ग्रेड-2 महेंद्र वर्मा ने अब तक एक भी वर्ष अपनी सेवा मूल शाला में नहीं दी है। वहीं अंग्रेज़ी विषय के व्याख्याता अनिल कुमार डाहले आत्मानंद स्कूल के आरंभ से ही देवकर में प्रभारी प्राचार्य के रूप में कार्यरत हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि स्कूल में नियमित रूप से अंग्रेजी की पढ़ाई पिछले चार सालों से नहीं हो रही। वहीं प्रभारी प्राचार्य के पास प्रशासनिक कामों का बोझ इतना अधिक है कि वे पढ़ाई पर ध्यान ही नहीं दे पा रहे। इससे छात्र-छात्राएं शैक्षणिक रूप से लगातार पिछड़ते जा रहे हैं। स्थानीय जनपद सदस्य नीरज सिंह राजपूत ने वर्ष 2024 से अब तक कई बार जिलाधीश बेमेतरा को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि दोनों शिक्षकों को मूल शाला पर वापसी के आदेश दिए जाएं। हाल ही में 12 मई को कोदवा में आयोजित सुशासन तिहार के दौरान भी उन्होंने अपने लेटरपैड पर यह मांग रखी। ग्राम पंचायत परपोड़ा के सरपंच प्रतिनिधि एवं ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर शीघ्र ही शिक्षकों की वापसी नहीं होती और शैक्षणिक व्यवस्था सामान्य नहीं की जाती। तो वे स्कूल गेट पर तालाबंदी कर धरना आंदोलन करेंगे।

- अंग्रेजी विषय की पढ़ाई चार वर्षों से ठप बच्चों के भविष्य पर संकट

### विधायक, जिलाधीश ने दिए थे निर्देश, फिर भी नहीं हुई कार्रवाई

सुशासन तिहार के मंच से जिलाधीश एवं स्थानीय विधायक द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे, परंतु अब तक स्थिति जस की तस बनी हुई है।

### बच्चों का भविष्य हो रहा बर्बाद

बच्चों का भविष्य बर्बाद हो रहा है। अंग्रेजी विषय तो चार साल से बंद ही है। जब भी बैठक होती है, बच्चे और अभिभावक टीचरों की मांग करते हैं। पर अधिकारी सुनते नहीं।

- नीरज सिंह राजपूत, जनपद सदस्य

### एकल शिक्षक शालाओं में 344 अतिशेष शिक्षकों की पदस्थापना

**बेमेतरा।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत जिले में शिक्षकों के युक्तियुक्तरण की प्रक्रिया पूरी कर ली गई। जिले के शिक्षक विहीन एवं एकल शिक्षक विद्यालयों में अब शिक्षक उपलब्ध होंगे, जिससे बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अवसर मिल सकेगा। बेमेतरा जिले की 1 हजार 299 शालाओं में से 360 शालाओं का युक्तियुक्तरण कर 344 अतिशेष शिक्षकों की पदस्थापना की गई। इस प्रक्रिया के तहतःप्राथमिक शालाओं में 248 अतिशेष शिक्षकों को नई जगह भेजा गया। माध्यमिक शालाओं के 56 और हाई/हायर सेकेंडरी के 37 व्याख्याताओं की नियुक्ति की गई। विकासखंड बेरला के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भिलौरी और बेमेतरा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चन्दनू को अब रसायन विज्ञान विषय के व्याख्याता मिल गए हैं। वाणिज्य विषय के शिक्षक अब बेरला, मोहभट्ठा, गोड़नगिरी और परपोड़ा स्कूलों में भी उपलब्ध हैं। इसी तरह विकासखंड बेमेतरा के छिरहा, खंडसरा, दाढ़ी और सेमरिया स्कूलों में भी वाणिज्य विषय के व्याख्याता पदस्थ हुए हैं। वही नवागढ़ विकासखंड के एक स्कूल को भी वाणिज्य विषय का व्याख्याता मिल गया। जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार की इस पहल ने केवल वर्तमान शिक्षण व्यवस्था को ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को भी संवारने का काम किया है। शिक्षक विहीन और एकल शिक्षक शालाओं में अब पढ़ाई के लिए और बेहतर ,उपयुक्त माहौल तैयार हुआ है। यह कदम न केवल विद्यालयों को नई ऊर्जा देगा, बल्कि शिक्षा को जन-जन तक पहुँचाने के सरकार के संकल्प को भी मजबूती प्रदान करेगा।

# मां गौरी समूह ने 5.4 क्विंटल प्लास्टिक कचरा किया विक्रय 10,220 रुपए आय की अर्जित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विश्व पर्यावरण दिवस पर स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत प्लास्टिक कचरे के सुरक्षित निपटान की दिशा में एक उल्लेखनीय पहल की गई।

विकासखंड बेरला के कुसमी स्थित प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट में मां गौरी स्वयं सहायता समूह द्वारा एकत्रित 5.4 क्विंटल प्लास्टिक कचरे का विक्रय किया गया, जिससे समूह को 10,220 रुपए की आय प्राप्त हुई। यह प्लास्टिक कचरा गांवों में कार्यरत स्वच्छता दीदियों द्वारा घर-घर से एकत्रित कर यूनिट तक पहुँचाया गया। इसका उद्देश्य गांवों में प्लास्टिक प्रदूषण को नियंत्रित कर पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखना है। एकत्रित कचरे को सेग्रीगेट छंटाई कर एवं बंडलिंग के पश्चात पंजीकृत रिसाइकलर्स को बेचा गया, जिससे यह कचरा पुनर्चक्रण की प्रक्रिया में लाया जा सका। इस पहल ने जहां पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दिया, वहीं महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। मां गौरी स्वयं सहायता समूह की इस सफलता से प्रेरित होकर अन्य समूहों को भी इस दिशा में कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिला प्रशासन का यह प्रयास न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सार्थक कदम है, बल्कि स्वच्छता दीदियों की भूमिका को भी नई पहचान दे रहा है।

- स्वच्छता दीदियों द्वारा घर-घर से एकत्रित कर यूनिट तक पहुंचाया

# लोधी क्षत्रिय समाज ने प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

लोधी क्षत्रिय समाज से संबद्ध लक्ष्य संगठन ने जिला स्तरीय लक्ष्य प्रतिभा सम्मान एवं कैरियर मार्गदर्शन समारोह नगर परपोड़ी में आयोजित किया गया। लक्ष्य प्रतिभा सम्मान एवं कैरियर मार्गदर्शन समारोह में प्रमुख वक्ता समाधान महाविद्यालय डायरेक्टर अवधेश पटेल, लेफ्टिनेंट राहुल वर्मा, डाकेश्वर वर्मा सहायक प्राध्यापक रहे।

- जिला स्तरीय लक्ष्य प्रतिभा सम्मान का कैरियर मार्गदर्शन समारोह

अतिथि के तौर पर लोधी क्षत्रिय समाज के जिला अध्यक्ष गोवेंद्र पटेल, उपाध्यक्ष ओंकार सिंह बघेल, महासचिव द्वारिका लिलरिया कुरलू, सर्किल अध्यक्ष संतोष वर्मा, जनपद पंचायत साजा उपाध्यक्ष नारद वर्मा एवं सामाजिक पदाधिकारियों द्वारा समाज प्रतिभावान विद्यार्थी बच्चों का प्रतीक चिन्ह, प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। सर्वप्रथम समाज के बच्चों द्वारा राज्यगीत अरपा पैरी के धार प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात समाज के विषय विशेषज्ञ वक्ताओं द्वारा सामाजिक पदाधिकारीयों के साथ वीरांगना रानी अवंती लोधी, स्वामी ब्रह्मानंद, केशवानंद जी, भामाशाह जी के तेलचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं मल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। समाज के बच्चों द्वारा लक्ष्य सर्किल परपोड़ी अध्यक्ष हिमांचल वर्मा के निर्देशन में सरस्वती वंदना, स्वागतगीत एवं संस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

तत्पश्चात कैरियर गाइडेंस अवधेश पटेल ने बच्चों को मेमोरी पावर कैसे बढ़ाए उदाहरण प्रस्तुत कर विस्तृत रूप से बताया गया। प्रवीण वर्मा आरक्षक देवरबीजा ने साइबर अपराधियो से कैसे बचें एवं डाकेश्वर वर्मा सहायक प्राध्यापक राजनांदगांव ने अध्ययन के साथ विभिन्न छात्रवृत्ति योजना का कैसे लाभ उठाएं तथा लेफ्टिनेंट राहुल वर्मा ने नीट, जेईई एवं पीएससी कैरियर के विभिन्न क्षेत्र में तैयारी कैसे करें तथा शैक्षणिक तकनीकी भी बताएं। इसके पश्चात 10वीं/12वीं में 70% से अधिक प्राप्त किए 150 बच्चो एवं अन्य क्षेत्र प्रतिभावान बच्चों निट जेईई, नवोदय प्रवेश, खेल, अग्निवीर भर्ती, चयन से 15 बच्चे को जहां सम्मानित किया गया। कार्यक्रम है शामिल सामाजिक पदाधिकारीयों को वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की फोटो फ्रेम एवं मोमेंटो भेट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन कमलेश कुमार वर्मा ने किया।



### इनकी रही मौजूदगी

इस दौरान लक्ष्य छत्तीसगढ़ संगठन के अध्यक्ष एफआर वर्मा, उपाध्यक्ष सावित्री जंघेल, दानेश्वर लिलहारे संयोजन चैनदास जंघेल कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार सिंगोंर, लोधी क्षत्रिय सर्किल अध्यक्ष सन्तोष वर्मा,नारद वर्मा, कमलेश कुमार वर्मा, हिमांचल वर्मा, हेमंत वर्मा, कुंभलाल वर्मा, रोशन चंदेल, विनय कुमार वर्मा सहित अन्य पदाधिकारी व सामाजिक जनों की मौजूदगी रही।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर 'एक पेड़ मां' के नाम में पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा





विश्व पर्यावरण दिवस पर रेवेंद्र सिंह वर्मा कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र ढोलिया में एक पेड़ माँ के नाम 2.0 अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा छात्र-छात्राओं के साथ मिलकर पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में अधिष्ठाता ने छात्रों को पर्यावरणीय असंतुलन, ग्लोबल वार्मिंग तथा ग्रीन हाउस गैसों के प्रभावों की जानकारी दी। पौधरोपण को जीवन शैली में अपनाने की अपील की। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को प्रकृति के संरक्षण के लिए अधिकाधिक वृक्ष लगाने हेतु प्रेरित किया। इस दौरान विद्यार्थियों में पर्यावरणीय चेतना जागृत करने हेतु रंगोली, पोस्टर प्रदर्शनी, भाषण, एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय परिसर में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में डॉ. टी.डी. साहू, डॉ. साक्षी बजाज कार्यक्रम समन्वयक, एनएसएस, कुंती बंजारे, डॉ. हेमलता निराला, प्रतिभा सिंह, डॉ. भारती बघेल, डॉ. प्रीति पैंकरा, डॉ. नूतन सिंग, डॉ. सरिता शर्मा, डॉ. महानंद, डॉ. रामेश्वर तथा डॉ. संजीव गुर्जर सहित महाविद्यालय के स्टाफ की महत्वपूर्ण सहभागिता रही।

### सामूहिक प्रयास करने को किया प्रेरित

कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में पर्यावरण के प्रति उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना एवं प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण हेतु सामूहिक प्रयासों को प्रेरित करना रहा। महाविद्यालय प्रबंधन ने इस अवसर पर संकल्प लिया कि आने वाले वर्षों में भी इसी तरह पर्यावरणीय गतिविधियों को निरंतर आगे बढ़ाया जाएगा।

# साजा में बारिश से पहले नालों की पहली सफाई शुरू



**साजा।** शहर में बरसात के पहले नाले की सफाई कोई ध्यान देते हुए नगर में सफाई अभियान जोरो से चल रहा है। वार्ड नंबर 1 की पार्षद व नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रेरणा शौर्य जीत सिंह ने अपने वार्ड में आने वाले नहर की पहली बार सफाई करवाई नहर निर्माण के बाद आज तक कभी इसकी सफाई नहीं की गई थी। जेसीबी लगाकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी अमिताभ शर्मा जल संसाधन विभाग के कर्मचारी के उपस्थिति में सफाई अभियान चला पार्षद गोलू साहू कंमल राजपूत सहित अनेक वार्ड वासी अभियान में शामिल है श्रीमती प्रेरणा सिंह कहां की बारिश के पूर्व नगर के सभी नालों की सफाई को प्राथमिकता के साथ किया जाएगा इसके लिए उन्होंने नगर वासियों से भी सहयोग की अपील की।

# भाजपा का 'संकल्प से सिद्धि' अभियान 9 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भारतीय जनता पार्टी 9 जून से 21 जून तक 'संकल्प से सिद्धि' अभियान शुरू करेगी, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 11 साल पूरे होने पर केंद्रित होगा। भाजपा जिला अध्यक्ष की सहमति से संकल्प से सिद्धि' अभियान के जिला संयोजक नरेंद्र वर्मा को बनाया गया है। वहीं जिला सहसंयोजक बेमेतरा निवासी महेश साहू, परपोड़ी निवासी महेश्वर मानिकपुरी, बेतर निवासी तानसेन पटेल को बनाया गया है।



- मोदी सरकार की गिनाई जाएगी उपलब्धियां

इस अभियान के तहत बेमेतरा जिले में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें योग शिविर, चौपाल कार्यक्रम, आयुष्मान योजना के तहत वरिष्ठ नागरिकों का पंजीकरण और कार्ड वितरण, विकसित भारत का संकल्प और मोदी सरकार की उपलब्धियों का साहित्य वितरण शामिल है। भाजपा प्रदेश इकाई द्वारा इस अभियान के तहत कई कार्यक्रमों की योजना बनाई गई है। यह अभियान 'विकसित भारत का अमृत काल एवं सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 11 साल' पर आधारित होगा।

**11 मंडल के संयोजक व सहसंयोजक की सूची जारीः** संकल्प से सिद्धि' अभियान के लिए भाजपा ने मंडल संयोजक व सहसंयोजक बनाए गए हैं जिनमें संकल्प से सिद्धि' अभियान के लिए खंडसरा मंडल के संयोजक राजेश जैन, सहसंयोजक अमरनाथ चक्रधारी व शिवा तिवारी। बालसमुंद मंडल के संयोजक रामअवतार साहू, सहसंयोजक राहूल शर्मा व गयाराम पाल। मारो मंडल के संयोजक परस वर्मा, सहसंयोजक संतोष साहू व बूढे निषाद। नवागढ़ मंडल के संयोजक वल्लभ सिंह ठाकुर, सहसंयोजक युवराज सिंह ठाकुर व महावीर ध्रुव। थानखम्हरिया मंडल के संयोजक ओमपाल, सहसंयोजक कुश कश्यप व भार्गव लोधी। साजा मंडल के संयोजक बल्लूराम साहू, सहसंयोजक लुकराम साहू व अरुण वर्मा। परपोड़ी मंडल के संयोजक सतीष जैन, सहसंयोजक कमलेश साहू व राजेश दुबे। बेरला मंडल के संयोजक गौकरण राजा साहू, सहसंयोजक नीरज राजपूत व मानक चतुर्वेदी। बेमेतरा ग्रामीण मंडल के संयोजक छोटूराम साहू, सहसंयोजक भागी साहू व प्रबल सिंह। बेमेतरा शहर मंडल के संयोजक विकास तम्बोली, सहसंयोजक गौरव साहू व देवराम साहू। भिंभौरी मंडल के संयोजक कमल साहू, सहसंयोजक नीलेश वर्मा व लोकनाथ साहू को बनाया गया है।

### ये कार्यक्रम होंगे आयोजित

1. योग शिविरः विश्व योग दिवस के अवसर पर मंडल स्तर पर योग शिविर आयोजित किए जाएंगे।
2. चौपाल कार्यक्रमः ग्राम, वार्ड, शक्ति केंद्र और ▶▶ शेष पेज 13 पर

कृषक उत्पादक संगठन के माध्यम से ड्रोन तकनीक का भी प्रदर्शन किया

# किसान रथ पहुंचा बुंदेली, कृषकों को दी जैविक खेती की जानकारी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत किसान रथ शुक्रवार को ग्राम बुंदेली एवं देवकर (विकासखंड साजा) में पहुंचा। इस दौरान स्थानीय कृषकों के साथ चर्चा-परिचर्चा कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें उन्हें कृषि संबंधित नवीनतम तकनीकों एवं योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में कृषि विशेषज्ञों ने जैविक खेती को प्रोत्साहित करते हुए बताया कि गोबर की खाद, नाडेप खाद, वर्मी कम्पोस्ट, बीजामृत, घनामृत तथा गौमूत्र से बने जैविक कीटनाशकों के प्रयोग से खेती की लागत को कम कर उच्च लाभ अर्जित किया जा सकता है।

साथ ही पशुपालन, मछली पालन, मुर्गी पालन व उद्यानिकी फसलों के समन्वित उपयोग से आर्थिक समृद्धि के मार्ग को सशक्त किया जा सकता है। देवकर में एफपीओ (कृषक उत्पादक संगठन) के माध्यम से ड्रोन तकनीक का भी प्रदर्शन किया गया, जिससे खेती में आधुनिक तकनीक के समावेश को प्रोत्साहन मिलेगा। कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ कृषि विज्ञान केंद्र से डॉ. जितेंद्र जोशी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी दिनेश धुर्वे, मत्स्य निरीक्षक सुमन चंद्रवंशी, सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी ऋचा रावते, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी आनंद यादव, उद्यानिकी विभाग के अधिकारी नीलेश साहू व प्रगतिशील कृषक रोहित पटेल उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### संभाग स्तरीय प्रशिक्षण राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम

दुर्ग। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अन्तर्गत संभाग स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। उक्त बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज दानी व जिला कार्यक्रम प्रबंधक भूमिका वर्मा व जिला नोडल अधिकारी डॉ आरके खंडेलवाल उपस्थित रहें। प्रशिक्षण में डॉ शिल्पा जैन मास्टर ट्रेनर द्वारा तम्बाकू के नशे से होने वाले दुष्प्रभाव की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। डॉ शैलेंद्र कुमार मिश्रा राज्य समन्वयक द्वारा ज़िले में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के कार्य संपादन किए जाने के लिए ज़िले के समस्त शासकीय कार्यालय, शासकीय व निजी स्कूलों और ग्राम पंचायत को तम्बाकू मुक्त किए जाने के निर्देश दिए गए। साथ ही ज़िले में राज्य सलाहकार ख्याति जैन द्वारा कोटपा अधिनियम 2003 के उल्लंघन पर प्रतिबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सभी सार्वजनिक स्थानों को तंबाकू मुक्त करना प्राधिकृत अधिकारी द्वारा चलानी कार्रवाई, सभी शासकीय भवनों एवं कार्यालय को तंबाकू मुक्त किये जाने हेतु प्रचार प्रसार एवं स्कूलों कॉलेजों के 100 गज के दायरे में यलो लाइन अभियान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### बुजुर्गों का आशियाना भेलवा तालाब, उजाड़

भिलाई। पाश कालोनी नेहरूनगर, भिलाई का एक मात्र भेलवा तालाब उजाड़ हाल में है। वर्ष 2008 तक पूर्ण विकसित तालाब में शुमार तालाब इन दिनों गंदगी और कमल गुट्टा से भरा हुआ है। रहवासियों ने बताया कि चुनाव के समय हर नेता आते है और विकसित तालाब के रूप में लाने के वादे के साथ चुनाव उपरान्त भूल जाते है। नेहरूनगर नगर जिसको बुजुर्गों की कालोनी से जाना जाता है। यहां बड़े उद्योगपति भी रहते है। उसके बाद भी भेलवा तालाब घोर उपेक्षा का शिकार है। टूटी-फूटा कुर्सी, बेन्च, शेड के रूप मे फटी तालपोलिन से यहां आने वाले बुजुर्ग परेशान हैं। इसी हाल में यहां जन्मदिन, शादी का साल गिरह, गाना बजाने की कार्य निरन्तर चल रहा है। हास्य एवम योगा क्लब, भेलवा तालाब, भारत विकास परिषद, जेष्ठ नागरिक मंच नेहरूनगर, फैन्स, बन बन्धु परिषद के वरिष्ठ आदि इस्तेमाल करते हैं।

### गुरु घासीदास की हुई महाआरती भजन में किया बाबा का गुणगान

भिलाई। जामुल के समीपस्थ ग्राम खेदामार में सतनामी समाज दवरा समाज के गुरु घासीदास बाबा की महाआरती और पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि दुर्ग जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बजारे बंजारे उपस्थित थी। कार्यक्रम के दौरान सरस्वती बजारे बंजारे और ग्रामीणों द्वारा मिलकर विधि-विधान से स्तंभ की पूजा कर बाबा घासीदास की प्रतिमा और तैल्यचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्जवलन कर विधि-विधान से पूजन के बाद सामूहिक महाआरती की गई। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए भरत लाल गेंड्रे ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान बाबा के भजन व भक्ति गीत मंडली द्वारा गाए गए, साथ ही नाचा ग्रुप ने पंथी नृत्यों की भी प्रस्तुति कर बाबा घासीदास का गुणगान किया। इस अवसर पर दुर्ग जनपद सदस्य गोकुल वर्मा, ग्राम सरपंच अनिल बंजारे, पंच और ग्रामीणों सहित आसपास के लोग काफी संख्या में उपस्थित थे।

### वर्ल्ड बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप 2025 स्पर्धा के लिए निशा का हुआ चयन

भिलाई। इंडियन बॉडी बिल्डर्स फेडरेशन तथा महाराष्ट्र बॉडी बिल्डिंग एशोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में एशिया एवं वर्ल्ड बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशीप में भाग लेने के लिए दुर्ग की निशा भोयर अंतराष्ट्रीय महिला खिलाड़ी वूमेंस एथलेटिक्स फिजिक एशिया का चयन किया गया है। भारतीय टीम का सलेक्स ट्रायल 2 से 3 जून को सिल्वर पैलैस, पुणे महाराष्ट्रा में आयोजित किया गया था।

# सेक्टर 6 श्रमिक बस्ती में बारिश के दौरान फिर होगा जलभराव

## अब तक नहीं हुई गंदी नाली की सफाई, रहवासियों व व्यवसायियों ने की जल्द सफाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

मानसून की आहट के साथ ही टाउनशिप में नाले के किनारे बसी श्रमिक बस्ती और मार्केट के व्यवसायियों को जलभराव की चिंता सताने लगी है। बीएसपी द्वारा अब तक सेक्टर 6 नाले की सफाई नहीं किए जाने से बारिश के दौरान फिर झुग्गियों और दुकानों में पानी भरेगा। अधिक वर्षा होने पर नाले में बाढ़ से हर साल समस्या से तटवर्ती लोगों को परेशानी होती है।

बारिश का मौसम निकट है। हर साल टाउनशिप में भिलाई इस्पात संयंत्र से निकलने वाला गंदा नाला सेक्टर 6 ई मार्केट के निकटस्थ तेलुगु श्रमिक बस्ती और सी मार्केट के व्यवसायियों के लिए परेशानी का कारण बनता है। नाले में बाढ़ आने पर सबसे ज्यादा दिक्कतें श्रमिक बस्ती के रहवासियों को होती है। इस साल भी बीएसपी द्वारा इस श्रमिक बस्ती से सटे गंदे नाले की सफाई अब तक नहीं करवाई गई है। पूरा नाला गंदे पानी व गाद के साथ भारी कचरे और झाड़ झंखाड़ों से पटा हुआ है। बस्ती के रहवासियों ने बताया कि अधिक बारिश होने पर नाले का पानी किनारे की झुग्गियों में भर जाता है। इससे खाने पीने के सामान खराब हो जाते हैं। समस्या को देखते हुए नाले की सफाई जल्द करवाने की जरुरत है।



### सी मार्केट की दुकानों में भरता है पानी

वर्षा के मौसम में सेक्टर 6 से गुजरने वाला गंदा नाला तेलुगू बस्ती के अलावा सी मार्केट के व्यवसायियों के लिए भी मुसीबत बन जाता है। नाले के किनारे की दुकानों में बाढ़ के दौरान पानी भर जाता है। किनारे में अधिकतर मैकेनिक और आटो रिपेयर दुकानें हैं। दुकानों में गंदे पानी के साथ कचरा, सांप और मेंढक आदि भी दुकानों में घुस जाते हैं। दुकानों में रखा सामान आदि भी खराब हो जाता है।

## कार्यक्रम : वॉकथॉन के माध्यम से पर्यावरणीय चेतना का पहुंचाया संदेश

# विश्व पर्यावरण दिवसः हरीतिमामय हुआ बीएसपी टाउनशिप, निकली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर गुरुवार को पर्यावरणीय संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता को सशक्त बनाने और एकल-उपयोग प्लास्टिक के उन्मूलन पर केंद्रित कार्यक्रमों की श्रृंखला के माध्यम से सतत जीवनशैली को प्रोत्साहित किया गया। इस वर्ष की थीम प्लास्टिक प्रदूषण समाप्त करें - बीट प्लास्टिक पॉल्यूशन के तहत, संयंत्र परिसर एवं नगर क्षेत्र में विविध जागरूकता और स्वच्छता अभियानों का आयोजन किया गया।

सुबह बजे इस्पात भवन के सामने से वॉकथॉन का आयोजन हुआ। इसे छग पर्यावरण संरक्षण मंडल की क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अनिता सावंत तथा भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय ने झंडी दिखाकर रवाना किया। मानव संसाधन विकास केंद्र में समाप्त हुए इस वॉकथॉन में संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारियों, विभागाध्यक्षों, श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों, स्कूली छात्रों तथा कर्मचारियों ने भाग लिया। पर्यावरण प्रबंधन विभाग तथा खेल, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा आयोजित इस वॉकथॉन के माध्यम से पर्यावरणीय चेतना का संदेश पहुंचाया गया। इस अवसर पर ईडी एके चक्रवर्ती, पवन कुमार, राकेश कुमार, डॉ. एम. रवीन्द्रनाथ, सीजीएम राजीव पांडे, जीएम प्रभारी उमा काटोच, जीएम संजय कुमार, ओएअध्यक्ष एनके बंछोर बंछोर, महासचिव परविंदर आदि आधिकारी उपस्थित थे।

## वरिष्ठ अधिकारियों, विभागाध्यक्षों, श्रमिक संगठनों छात्रों ने लिया हिस्सा




### निकाली गई जन जागरुकता रैली

पर्यावरण दिवस पर सेक्टर 9 जेएलएन अस्पताल द्वारा भी जन-जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इसे मुख्य अतिथि विभाग प्रमुख डां. रवींद्र नाथ ने रवाना किया। रैली ओपीडी ब्लॉक से प्रारंभ होकर अस्पताल के नवीन पार्किंग क्षेत्र तक संपन्न हुई। इस रैली में चिकित्सक, नर्स, डीएनबी छात्र, पैरामेडिकल स्टाफ, सफाईकर्मी और नागरिक शामिल हुए। रैली के बाद 150 से पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनीता द्विवेदी, डॉ. उदय कुमार, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनीषा कांगो व डॉ. सुबोध कुमार साहा, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक रंजन उपस्थित थे।

### साढ़े तीन सौ लोगों ने प्लास्टिक कचरा एकत्र किया

डॉ. रवीन्द्रनाथ ने कहा कि पर्यावरण कोई भौतिक संपत्ति नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत है। इसे संरक्षित कर आने वाली पीढ़ियों को सौंपना हम सभी का दायित्व है। कार्यक्रम के अलावा सुबह सिविक सेंटर स्थित देशी व अंग्रेजी मदिरा दुकान के समीप विशेष जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. अनिता सावंत थीं। यह कार्यक्रम नगर सेवाएं विभाग, जनस्वास्थ्य विभाग और प्रवर्तन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। 350 से अधिक सफाईकर्मी, पर्यवेक्षक और नागरिकों ने प्लास्टिक कचरे को एकत्र किया। इस अवसर पर सीजीएम उत्पल दत्ता, जीएम प्रशांत तिवारी, केके यादव ओए अध्यक्ष एनके बंछोर, महासचिव परविंदर सिंह व डीजीएम राघवेंद्र गर्ग आदि उपस्थित थे।

### लगाए गए पौधे का वृक्ष बनने तक करेंगे देखभालः ईश्वर

भिलाई। नगर पालिका परिषद जामुल के तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत पौधारोपण का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमें वार्ड 18 सुरडुंग मोड़ पर नगर पालिका परिषद जामुल के अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर के नेतृत्व में सभी जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न प्रकार के पेड़ लगाए और समय-समय पर खाद पानी एवं सुरक्षा देने का संकल्प लिया। नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने कहा कि हम सिर्फ पेड़ लगाने का रस्म अदायगी नहीं करेंगे बल्कि हम स्वयं अपने द्वारा लगाये गये पौधे को वृक्ष बनने तक इस पौधे का देखभाल एवं सुरक्षा करेंगे, वृक्षारोपण कार्यक्रम में नपा उपाध्यक्ष सुनिता चन्नेवार, पार्षदगण सबीहा खान, खम्हन ठाकुर, रेखराम बंछोर, सरोजनी चंद्राकर, दीपक गुप्ता, संजय देशलहरा, अश्वनी साहू, निशा चन्नेवार, सीमा यादव, रामप्यारी वर्मा, कविता विश्वाल, रामदुलार साहू, के. राजू, चुम्मन वर्मा, दुर्गा वैष्णव, तिलेश्वर देवांगन, अहिल्या वर्मा, शांति टंडन, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीमा बख्शी, राजस्व प्रभारी हरीश साहू, हीम्मत मण्डावी, समयपाल वेदांत वर्मा, सफाई प्रभारी बशीर खान, रमेश मारकण्डे, तुकेश सेन उपस्थित थे ।



### सिंगल यूज प्लास्टिक का आह्वान

डॉ. सावंत ने कहा कि छत्तीसगढ़ में 2015 से ही सिंगल यूज़ प्लास्टिक पर प्रतिबंध है, बावजूद कई उपयोग कई क्षेत्रों में उपयोग चिंताजनक है। उन्होंने स्वास्थ्य के लिए पूर्ण निषेध का आह्वान किया।उत्पल दत्ता ने नागरिकों से अपील की कि वे प्लास्टिक के विकल्पों को अपनाएं एवं पर्यावरण संरक्षण में सहभागी बनें। अभियान में नगर सेवा विभाग के कर्मचारी, सफाई कर्मी एवं पर्यवेक्षकों ने चारों ओर सफाई कर पर्यावरण का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन जीएम केके यादव तथा आभार प्रदर्शन डीजीएम राघवेंद्र गर्ग ने किया । उद्यानिकी अनुभाग द्वारा सशस्त्र सीमा बल के सहयोग से सेक्टर-8 में पौधारोपण किया गया। सिंटर संयंत्र 2 व 3 एवं पावर एंड ब्लोइंग स्टेशन में भी कार्यक्रम हुए।

# दस कब्जेधारियों ने स्वेच्छा से हटाए अवैध कब्जा



हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के प्रवर्तन अनुभाग तथा भिलाई नगर निगम की दबिश के बाद बीएसपी की संपत्ति पर काबिज कब्जाधारियों ने स्वेच्छा से पावर हाउस स्थित के जवाहर मार्केट से अवैध कब्जे हटाए लिए। । संपदा न्यायालय के डिक्री के परिपालन में पुराना रोजगार कार्यालय परिसर में अवैध रूप से काबिज 10 व्यक्तियों द्वारा संपदा न्यायालय द्वारा पारित डिक्री के अनुपालन में अपने अतिक्रमण हटाए।

■ अवैध कब्जाधारियों पर दंड भी अभिरोपित किया

संपदा न्यायालय द्वारा पारित डिक्री के तहत विजय सोनकर, समीर खान, अब्दुल सलीम, दशरथ धृतलहरे, टीका राम साहू, साहेब लाल सोनकर, रविंद्र जायसवाल, चंदन जायसवाल, लाल बाबू तथा बचऊ सोनकर के खिलाफ निर्णय सुनाया गया था। न्यायालय द्वारा सभी अवैध कब्जाधारियों पर 1,22,000/- का दंड भी अधिरोपित किया गया। निर्णय बाद नगर सेवाएं विभाग के प्रवर्तन अधिकारियों तथा नगर निगम की टीम ने कब्जाधारियों को चेतावनी दी थी कि वे 48 घंटे के भीतर स्वेच्छा से कब्जा हटाएँ अन्यथा बलपूर्वक बेदखली की कार्रवाई की जाएगी।

# जेएलएन हास्पिटल में मरीजों को लुभाएंगी खूबसूरत कलाकृतियां

भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र के जवाहर लाल नेहरु चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र सेक्टर नौ में इलाज के लिए आने वाले चिंतित मरीज और परिजन मेन गेट में प्रवेश करते ही थोड़ा रिलेक्स होते दिखेंगे। इनका भावभीना स्वागत खूबसूरत कलाकृतियों से होगा। मेट के बाहर कतार से आकर्षक कलाकृतियां लगाई जा रही हैं। भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन द्वारा जेएलएन हास्पिटल के प्रवेशद्वार को आकर्षक लुक दिया जा रहा है। पं.रविशंकर शुक्ल चौक के पीछे गेट के सामने बाउंड्री पर लाइनस दर्जनभर से अधिक खूबसूरत कलाकृतियां लगाने का काम चल रहा है। इससे अस्पताल आने वाले मरीजों, डाक्टरों तथा पेरामेडिकल स्टाफ के साथ सेंट्रल एवेन्यू मार्ग से आने जाने वाले भी खुश होंगे। गौरतलब हो कि हास्पिटल के परिसर के अंदर कैज्युअल्टी के सामने भी



# ईज़ ऑफ डुइंग बिजनेस पर कार्यशाला, 14 विषयों पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज़, उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग भारत सरकार तथा जिला उद्योग और व्यापार केंद्र दुर्ग के सहयोग से ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस विषय पर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला और फीडबैक सत्र का आयोजन जिला उद्योग केंद्र, दुर्ग में किया गया।

इस सत्र में डीपीआईआईटी की केंद्रीय टीम के वरिष्ठ सलाहकार मनोज कुमार और संजय गुप्ता, डीटीआईसी दुर्ग के अधिकारी तुषार और साइमन एक्का उपस्थित रहे। इस आयोजन में राज्य के प्रमुख औद्योगिक संगठनों की भागीदारी रही। जिसमें प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज़ महासचिव अजय भसीन, भिलाई चैंबर जिला अध्यक्ष गर्गी शंकर मिश्रा, उद्योग चेंबर भिलाई अध्यक्ष डॉ. जितेन्द्र प्रसाद गुप्ता, कोऑर्डिनेटर भोलानाथ सहित अन्य प्रमुख उद्योगपति व व्यापारिक प्रतिनिधि उपस्थित थे।

कार्यशाला में औद्योगिक भूमि आवंटन, सरकारी अनुमतियों की प्रक्रिया में सुधार, और ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस के 14 प्रमुख मापदंडों पर विस्तृत चर्चा की गई।

# जब शरारती बंदर ने लड़की का लौटाया मोबाइल

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

कलेक्टोरेट और कोर्ट परिसर दुर्ग में उत्पात मचाते बंदर अपने मानवसुलभ करतबों से भी लोगों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। आज

■ कलेक्टोरेट परिसर में उत्पात मचाता दो बंदर लोगों के हैरत व आकर्षण का केंद्र

विश्व पर्यारण दिवस और बंदरों की मनोरंजक शरारतों का अदभुत संयोग चर्चा का विषय बना रहा। इन पालतूनुमा लंगूरों की दिलचस्प हरकतों ने व्यस्ततम और तनावग्रस्त अधिकारियों, वकीलों के साथ मुल्जिमों को भी कुछ पल के लिए गुदगुदाने पर मजबूर कर दिया। एक बंदर चालक की तरह कभी खड़ी बाइक का एक्सीलेटर दबाता तो कभी नीचे उतरकर किक मारते हुए कौतुक का केंद्र बना रहा।



कलेक्टोरेट परिसर में आमतौर पर दिनभर गहमागहमी का माहौल होता है। यहीं जिला न्यायालय भी होने से मामलों और फरियादियों में उलझे अधिवक्ता आदि के पास भी सांस लेने की फुरसत नहीं होती। यही हालत यहां विभिन्न कामों से आने वाले आम लोगों की होती है। लेकिन अपने कार्यों में व्यस्त कई लोगों को आज उत्पाती बंदरों ने खूब हंसाया।

दो तीन बंदर उछलकूद करते हुए कोर्ट परिसर के अंदर के गेट के सामने दोपहिया खड़ी दोपहिया गाड़ियों पर उछलकूद करने लगे। एक ने एक बाइक की सीट कवर चबाया तो दूसरा आराम से हैंडल का एक्सीलेटर घुमाने लगा। जब कुछ लोगों ने खदेड़ा दो दोनों बंदर धमाचौकड़ी मचाते हुए मंदिर के साइड में जा धमके। मंदिर के निकट पेड़ की टहनी पर झूलते हुए एक बंदर को जब एक लड़की ने शरारत से दांत किटकिटाते चिढ़ाया तो बंदर गुस्से से झपट्टा मारते हुए उसके हाथ से मोबाइल छीन दूर जा बैठा। कुछ लोगों ने सूझबूझ से चनों के साथ और अपने मोबाइल बंद रो दिखाए। इस पर बंदर निकट आकर चने उठाने के प्रयास में लड़की का मोबाइल जमीन पर छोड़ गया। लेकिन इस चक्कर में मोबाइल की स्क्रीन टूट गई। उल्लेखनीय है कि आज पीएम पर आपत्तिजनक टिप्पड़ी के मामले में कांग्रेस नेता बृजमोहन सिंह के केस की सुनवाई के चलते कई कांग्रेसी भी कोर्ट परिसर पहुंचे थे।

## राजहरा माइंस अस्पताल में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

# विशेषज्ञ चिकित्सकों ने ग्रामीणों को दिया परामर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के राजहरा माइंस हॉस्पिटल में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। संयंत्र के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग के वरिष्ठ चिकित्सकों और विशेषज्ञों ने आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कीं। शिविर में 640 से अधिक परामर्श प्रदान किए । शिविर के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग और जवाहरलाल नेहरु चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र की टीम का नेतृत्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डां. कौशलेन्द्र ठाकुर ने किया। शिविर में सीएमओ डॉ. प्रमोद बिनायके, डॉ. प्रमोद राय , डॉ. अशोक कुमार, डॉ. कुमुदिनी तिग्गा , डॉ. नूतन वर्मा, डॉ. इमैनुएल मैसी, डॉ. धीरज शर्मा , डॉ. पलाश तिवारी, डॉ. श्वेता वर्मा, डॉ. दिव्या पी तेजस्वनी , डॉ. शशांक अग्रवाल, शशि सिंह श्वेता शर्मा डीएनबी डॉ. अभिषेक, डीएनबी डॉ. प्राची प्रतिभा प्रिंस सहित जवाहर लाल नेहरु चिकित्सालय एवं अनुसन्धान केंद्र, भिलाई के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने सेवाएं प्रदान की। राजहरा मेडिकल हॉस्पिटल के सीनियर कंसल्टेंट एवं प्रभारी डॉ मनोज डहरवाल तथा राजहरा माइंस हॉस्पिटल की टीम भी उपस्थित थी।



### मरीजों को लगाए आर्टिकुलर इंजेक्शन

मरीजों को विभिन्न बीमारियों और चिकित्सा-स्वास्थ्य समस्याओं के लिए परामर्श, नैदानिक परीक्षण और उपचार प्रदान किए गए। शिविर में स्थानियों को 12 इंट्रा-आर्टिकुलर इंजेक्शन लगाए गए और 6 प्लास्टर चढ़ाए गए। साथ ही स्वास्थ्य सम्बन्धी सत्र भी आयोजित किए गए।

# माहेश्वरी समाज ने वंशोत्पत्ति दिवस पर निकाली रैली, शिवजी का अभिषेक कर बुजुर्गों को कराया भोजन

दुर्ग। माहेश्वरी समाज ने वंशोत्पत्ति दिवस मनाया। इस अवसर पर सुबह प्रभातफेरी निकाली गई, जो बाबा रामदेव मंदिर गंजपारा से शुरू होकर शनि मंदिर व विभिन्न मार्गों का भ्रमण कर वापस मंदिर पहुंची। दुर्ग में बाबा रामदेव मंदिर में सुबह 10 बजे ने महेश ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए सदस्यों को बेल के पौधे भी बांटे। विशिष्ट अतिथि न्यायमूर्ति आरएल झंवर ने अपने उद्बोधन में परिवार और समाज में एकता बनाकर आगे बढ़ने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि अलग-अलग विचारधारा के होते हुए भी एक सामंजस्य बिठाकर सर्वोत्तम स्थिति का निर्माण करते हुए प्रगति पथ पर आगे बढ़ना चाहिए। मुख्य अतिथि अभा माहेश्वरी सभा के सदस्य प्रकाश लड्डा ने प्रदेश स्तर पर समाज के विभिन्न सेवा कार्यों की जानकारी देते हुए उसका अधिक से अधिक लाभ दिलाने का आश्वासन दिया। इसके बाद गंजपारा चौक पर राहगीरों को शरबत का वितरण किया गया।

मंदिर परिसर में हुआ रूद्राभिषेक, रक्तदान शिविर का भी आयोजनः माहेश्वरी पंचायत दुर्ग के अध्यक्ष अशोक राठी ने बताया कि महेश नवमी पर दुर्ग में माहेश्वरी पंचायत ने सुबह 7 बजे बाबा रामदेव मंदिर परिसर में समाज के 70 लोगों की 25 से अधिक प्रकार की रक्त जांच कराई। इसके बाद 7.30 बजे प्रभातफेरी शुरू हुई, जिसमें महेश ध्वज थामे लोग भगवान शिव का जयकारा लगाते हुए शामिल हुए।

# चिप्स व कुरकुरे छुड़ाए, नियमित डाइट से 6 माह की बालिका कुपोषण मुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

महिला एवं बाल विकास विभाग जिला दुर्ग द्वारा चलाए जा रहे कुपोषण मुक्ति अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। समुदाय में पोषण के प्रति लगातार बढ़ती जागरूकता के चलते अब कई कुपोषित बच्चों का वजन सामान्य स्तर की ओर बढ़ रहा है। ऐसा ही एक प्रेरणादायक उदाहरण ग्राम गनियारी की 2 वर्ष 6 माह की बालिका कृषा ठाकुर का है, जो अब कुपोषण से मुक्त होकर सुपोषण की ओर बढ़ चली है।

कृषा पूर्व में मध्यम कुपोषित श्रेणी में थी।

जब आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मिथिलेश देवदास ने गृहभेंट की, तो पता चला कि, कृषा को बाजार के पैकेट वाले चिप्स, कुरकुरे आदि खाने की आदत थी, जिससे उसका वजन नहीं बढ़ रहा था। सामान्य वजन की श्रेणी में आने के लिए कृषा को 800 ग्राम वजन बढ़ाना था। इस स्थिति को गंभीरता से लेते हुए कार्यकर्ता ने परिवार को पोषण संबंधी उचित सलाह दी। उन्हें बताया गया कि, पैकेट वाले खाद्य पदार्थ बच्चों के स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर डालते हैं। इसके स्थान पर घर में बना पौष्टिक भोजन, अंकुरित अनाज, मौसमी फल, चना, मूंगफली और रेडी-टू-ईट खाद्य का उपयोग करने को कहा गया। पर्यवेक्षक शशि रैदास द्वारा भी परिवार को डाइट चार्ट पढ़ाकर समझाया गया और उसका नियमित पालन करने की सलाह दी गई।

## समर्पित प्रयासों से कुपोषित बालिका सामान्य श्रेणी में पहुंची

### चार माह में बढ़े एक किलोग्राम वजन

कृषा को बाल संदर्भ योजना का लाभ दिलाया गया और आवश्यक दवाइयां भी समय पर दी गईं। लगातार चार माह के सतत प्रयासों और गृहभेंट के माध्यम से की गई निगरानी से कृषा का वजन 9.2 किलोग्राम से बढ़कर 10.2 किलोग्राम हो गया। कृषा अब सामान्य श्रेणी में आ गई है। उसकी मां ने बाल विकास विभाग और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के प्रति आभार जताया और अपने अनुभव को गाँव की अन्य माताओं के साथ साझा किया।



### पैकेट वाले खाद्य डालते हैं नकारात्मक प्रभाव

कृषा की कहानी से प्रेरित होकर एक अन्य कुपोषित बालक मितांशु साहू की मां ने भी यही उपाय अपनाने शुरू कर दिया। अब मितांशु को सामान्य स्थिति में आने के लिए केवल 200 ग्राम वजन बढ़ाने की आवश्यकता है। जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी अजय कुमार साहू ने बताया कि, कुपोषण से निपटने के लिए विभाग द्वारा कुपोषण मुक्त ग्राम पंचायतों में नियमित गृहभेंट, पोषण शिक्षा और जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। लोगों में अब यह समझ विकसित हो रही है कि, स्वस्थ खान-पान ही बच्चों को कुपोषण से बचा सकता है।

## खबर संक्षेप

### तहसीलदार ने परिवार के साथ किया पौधारोपण



दुर्ग। विश्व पर्यावरण दिवस में दुर्ग बोरासी में स्थित गणपति विहार कॉलोनी में तहसीलदार प्रफुल्ल गुप्ता ने सपरिवार और कॉलोनी वासियों के साथ 5 पेड़ का रोपण कर उसकी सुरक्षा की प्रतिज्ञा ली।

### ठग्स ऑफ़ हिन्दोस्तान पर होगी कृति चर्चा




दुर्ग। जन संस्कृति मंचए दुर्ग-भिलाई के तत्वावधान में उपन्यासकार कैलाश बनवासी की कृति ठग्स ऑफ़ हिन्दोस्तान पर चर्चा गोष्ठी 8 जून रविवार को शाम 4 बजे से डिजिटल कक्ष कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित की गई है। कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता आलोचक जयप्रकाश करेंगे। कृति पर वक्ता उपन्यासकार लोकबाबू, कथाकार ऋषि गजपाल, कवि अंजन कुमार, आलोचक डॉ. सियाराम शर्मा की उपस्थित रहेंगे।

### मृतक के परिजन को मिली आर्थिक सहायता

दुर्ग। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने दुर्घटना में मृतक के परिजन को 16 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड 1 कुंआ चौक पंचशील नगर जिला दुर्ग निवासी तुषार साहू की विगत 10 जुलाई 2022 को शिवनाथ नदी, महमरा एनीकेट में पैर फिसलने से गिरने पर पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। इसी प्रकार ग्राम कुरूद तहसील व जिला दुर्ग निवासी महेश साहू की विगत 13 जनवरी 2024 को रात्री में चिमनी ऊपर गिर जाने पर शरीर जल जाने से परिजनों द्वारा उपचार हेतु डीकेएस अस्पताल रायपुर में भर्ती कराया, उपचार के दौरान 25 जनवरी 2024 को उनकी मृत्यु हो गई थी। ग्राम अमलीडीह तहसील पाटन जिला दुर्ग निवासी रूपेश महिलांगे की विगत 17 अप्रैल 2024 को नहाते समय तालाब में डुबने से मृत्यु हो गई थी। ग्राम रीवागहन तहसील पाटन जिला दुर्ग निवासी भेवेश कुमार साहू की विगत 19 अक्टूबर 2024 को तालाब के गहरे पानी में गिर जाने पर डुबने से मृत्यु हो गई थी।

### त्रुटि सुधार के लिए दावा आपत्ति 10 तक

दुर्ग। शिक्षण सत्र 2025-26 में प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु छत्तीसगढ़ राज्य के 33 जिलों में 20 अप्रैल को प्राक्चयन परीक्षा आयोजित की गई थी। प्राक्चयन परीक्षा परिणाम घोषित करते हुए जिलेवार सूची विभागीय वेबसाइट पर 04 जून को अपलोड कर दी गई है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास से मिली जानकारी अनुसार आवेदक परिणाम में अपना नाम एवं रोल नंबर का मिलान कर लें। त्रुटि होने पर सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालय में दावा आपत्ति आवेदन प्रस्तुत करेंगे।

## पर्यावरण दिवस : बोरसी मैदान में पौधारोपण कर पर्यावरण की शुरुआत

# पर्यावरण का संदेश देने निकाली साइकिल रैली, सहेजने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगर निगम द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर राज्य शासन के निर्देशानुसार एक पेड़ मां के नाम से पर्यावरण एवं पृथ्वी के प्रति जागरूकता और संरक्षण के लिए आज महाराजा चौक से साइकिल रैली निकाली गई।

रैली महाराजा चौक से प्रगति मैदान बोरसी में समापन किया गया। मेयर अलका बाघमार ने महाराजा चौक में साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पर्यावरण दिवस पर साइकिल रैली निकलकर पर्यवारण संरक्षण और शहर को हरियाली की दिशा में संवारने बडी संख्या में विधायक गजेंद्र यादव ने सभापति श्याम शर्मा बच्चो व पर्यावरण प्रेमियों के साथ सायकिल रैली में शामिल हुए। मुख्य अतिथि भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पर्यावरण राष्ट्रीय प्रभारी सरोज पांडेय, विधायक गजेंद्र यादव, मेयर अल्का बाघमार, भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, कमिश्नर सुमित अग्रवाल, सभापति श्याम शर्मा, प्रभारी काशीराम कोसरे और एमआईसी सदस्य व पार्षदों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण जागरुकता का दिया संदेश, प्रगति मैदान में किया गया आयोजन





### एक पेड मां के नाम रोपे, फल और छायादार पौधे शामिल

एक पेड़ मां के नाम से पर्यावरण एवं पृथ्वी के प्रति जागरूकता और संरक्षण के लिए नागरिको के साथ फलदार व छायादार पौधरोपण किया गया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व राज्यसभा सांसद सुश्री सरोज पाण्डेय ने कहा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पर्यावरण की सुरक्षा एवं संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए आज प्रगति मैदान में विभिन्न प्रकार के पर्यावरण को देखते हुई पौधरोपण किया। उन्होंने कहा कि, स्वच्छ बनाए रखने एवं प्रदूषण से बचाए रखने हेतु पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण करना बहुत आवश्यक है। हमारे आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ व हराभरा प्रकृति प्रदान करना हमारा कर्तव्य ही नहीं जिम्मेदारी है।

### मानव जीवन के लिए पौधरोपण जरूरी

विधायक गजेंद्र यादव ने कहा कि, पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण आवश्यक है। कहा कि, बिगड़ते पर्यावरण से धरती का तापमान लगातार बढ़ रहा है। जिससे मानव जीवन जीव जंतु व पेड़ पौधे पर बुरा असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि शास्त्रों में भी पौधारोपण को लाभकारी बताया गया है। महापौर अलका बाघमार ने कहा कि, एक पेड़ सौ पुत्र के समान होता है। नतीजतन हर एक लोगों को कम से कम एक एक पौधा निश्चित रूप से लगाने अपील की। उपस्थित लोगों को संकल्प दिलाते हुए कहा कि, हम सभी को अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए। ताकि पर्यावरण की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। उन्होंने छात्र-छात्राओं व नगर वासियों को फलदार व छायादार वृक्ष लगाने की अपील की।

### नई पीढ़ियों के लिए बेहद जरूर

सभापति श्याम शर्मा ने कहा यह केवल पौधारोपण नहीं, बल्कि भावी पीढ़ियों को एक स्वच्छ, हरित और सुंदर वातावरण सौंपने की दिशा में एक सशक्त कदम है। प्रभारी काशीराम कोसरे ने कहा हमारे पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए पेड़ लगाना बेहद जरूरी है। पेड़ लगाएं, जीवन बचाएं। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य देवनारायण चन्द्राकर, नरेंद्र बंजारे, शेखर चन्द्राकर, लीना दिनेश देवांगन, मनीष साहू, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, नीलेश अग्रवाल, उषा टावरी, सरिता मिश्रा व पार्षदगण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी मोहेंद्र साहू, कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, वीपी मिश्रा, उद्यान प्रभारी अनिल सिंह मौजूद रहें। वृक्षारोपण के बाद प्रगति मैदान बोरसी में अतिथियों द्वारा पेंटिंग प्रतियोगिता के विजेता बच्चों को पुरस्कार दिया गया।

### डाक विभाग ने लोगों को किया जागरूक

विश्व पर्यावरण दिवस 2025 के अवसर पर दुर्ग डाक संभाग द्वारा लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने हेतु पर्यावरण जागरूकता रैली मुख्य डाकघर सिविक सेंटर से निकाली गई। इसके पश्चात मुख्य डाकघर स्थित सहयोग वाटिका में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर प्रवर अधीक्षक दुर्ग संभाग बीएल जांगड़े. सहायक अधीक्षक नितिन गोस्वामी एवं सीमा श्रीवास्तव तथा आईपीपीबी मैनेजर संतोष मटिया साथ ही दुर्ग डाक संभाग के 150 से अधिक कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में प्रवर अधीक्षक डाकघर श्री जांगड़े द्वारा कर्मचारियों से अपील की गई कि, पर्यावरण संरक्षण हेतु अधिकाधिक वृक्षारोपण कर उनका देखभाल करें।



### प्रकृति के बिना प्रगति अधूरी है : वोरा

दुर्ग। विश्व पर्यावरण दिवस पर कांग्रेस नेता अरुण वोरा ने पद्मनाभपुर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वोरा ने कहा कि प्रकृति को बचाना सिर्फ एक दिन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि यह जीवनशैली का हिस्सा बनना चाहिए। उन्होंने कहा प्रकृति के बिना प्रगति अधूरी है। आज जब ग्लोबल वॉर्मिंग बढ़ रही है, ऑक्सीजन का स्तर घट रहा है, तब हमें पर्यावरण को बचाने के लिए और अधिक पौधे लगाने होंगे। वनों की रक्षा और वनीकरण से ही हम पारिस्थितिक संतुलन बनाए रख सकते हैं। इस अवसर पर राय सिंह ढिकोला, नंदू महोबिया, अजय मिश्रा, पप्पू श्रीवास्तव, एसके सिंह, सुमीत गुप्ता, महेश राजपूत, आदि उपस्थित रहे।



### विश्व पर्यावरण पर भोथली में पौधरोपण

दुर्ग। ग्राम भोथली में नीम एवम बरगद का पौधा रोपण जनपद सदस्य दामिनी साहू के मार्गदर्शन में किया गया और उसे सहेजने और सुरक्षित रखने का संकल्प लिया गया। मुख्य रूप से छेत्र की जनपद सदस्य दामिनी मुकेश साहू मौजूद रहीं, साथ में सरपंच नेमिन खुटेल, पूर्व सरपंच रमेश साहू, पंडवानी गायिका सोनम साहू, जय मां अम्बे भजन मंडली के सदस्य गण एवम प्राथमिक शाला भोथली के शिक्षक गण मौजूद रहे। साथ में जनपद सदस्य ने कहा की सिर्फ पेड़ लगाकर हम पर्यावरण को सुरक्षित नही रख सकते। यही पर हमारा काम खतम नही होता है, बल्कि उसको बड़ा होते तक सहेजने और उसकी देखभाल करना पड़ता है। पूर्व में भी शासन के योजना के अनुसार हमारे ग्राम में एवम आस पास के कई गांवों में वृहद रूप से पौधा रोपण किया गया था। लेकिन आज एक भी पेड़ जीवित नहीं है, इसलिए सिर्फ पेड़ लगाकर नही छोड़ना है बल्कि उसके बड़े होते तक उसकी देखभाल हमे ही करना है। तभी पेड़ लगाने का कोई महत्व रहेगा।



### हेमचंद यादव विवि में किया पौधारोपण

दुर्ग। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय परिसर स्थित गार्डन में कुलपति प्रो. डॉ. संजय तिवारी, कुलसचिव, भूपेन्द्र कुलदीप एवं अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण किया गया है। सहायक कुलसचिव दिग्विजय कुमार ने बताया कि यह दिन प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी को याद दिलाता है और पर्यावरण सरंक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करता है। विश्व पर्यावरण दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण सभी देशों के लोगों को एक साथ लाकर जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने और जंगलों के प्रबंध को सुधारना है। तेजी से बढ़ते शहरीकरण व लगातार काटे जा रहे पेड़ों के कारण बिगड़ते पर्यावरण संतुलन पर रोक लगानी होगी। इसी उद्देश्य से हर साल 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर कुलपति, कुलसचिव एवं अन्य अधिकारियों द्वारा पर्यावरण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी है।



# पांच लोगों का पीएम आवास निरस्त नए सिरे से होगा आवंटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग




- हितग्राही राशि जमा नहीं करा पाए

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत प्रतीक्षारत 170 हितग्राहियो के लिए प्रधानमंत्री अवास योजना के कार्यालय में नोटिस चस्पा किया गया था। जो अब समाप्त हो चुका है। उसके पश्चात भी किसी हितग्राही द्वारा राशि जमा नही किया गया। ऐसी स्थिति में नये सिरे से पोटियाकला में निरस्त किये गए 5 आवास का आबंटन किया जाएगा।

आवास का फॉर्म लेने हेतु डाटा सेंटर के प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। अफसरों ने बताया कि, नये भरे जाने वाले 5 आवासो हेतु फॉर्म के साथ 3 दिवस के भीतर सम्पूर्ण राशि जमा करने वालो को ही आवास आबंटन किया जाएगा। पात्रता हेतु वांछित दस्तावेज 2015 के पूर्व का आधार कार्ड, राशन कार्ड, बैंक पासबुक, आय प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा प्रमाडित निवासी प्रमाण पत्र होना आवश्यक है। इसके आलावा प्रधानमंत्री आवास योजना (श) फार्च्यून हाईट्स 36 आवास बोरसी दुर्ग में वर्तमान समय में 2 आवास रिक्त है। रिक्त आवासो के लिए 50 आवेदक फार्च्यून हाईट्स में प्रतीक्षारत सूची में है। इस कारण से ₹प्रथम आओ प्रथम पाओ₹ के तहत हितग्राही अंशदान प्रथम किश्त की राशि छत्तीस हजार एक सौ रूपए जमा करने के पश्चात लॉटरी के माध्यम से आवास आवंटन किया जाना है। पात्र 50 हितग्राहियो की सूची डाटा सेंटर में प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यालय में चस्पा किया गया है। प्रतीक्षारत हितग्राहियो को सूचित किया जाता है कि, वे डाटा सेंटर में संपर्ककर इच्छुक हितग्राही तीन दिवस के भीतर हितग्राही अंशदान राशि जमा करें। अन्यथा की स्थिति में आपका नाम फार्च्यून हाईट्स के प्रतीक्षारत सूची से निरस्त कर दिया जाएगी।

## बार-बार बिजली गुल होने से मोहन नगरवासी हो रहे परेशान



दुर्ग। मोहन नगर क्षेत्र पिछले कुछ दिनों में दिन में कई बार बिजली गुल हो रही है। इसकी शिकायत मोहन नगर पश्चिम वार्ड-12 के पार्षद अजीत वैद्य ने की है। उन्होंने बताया कि पिछले करीब 6 माह से सीएसईबी से लाइट गोल होने की घटनाएं दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। इसके कारण आसामाजिक तत्वों का जमावाड़ा दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहा है। रात के समय सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। बार-बार लाइट बंद होने से संदिग्ध गतिविधियां बढ़ रही है। वार्ड में सफाई को लेकर भी समस्या है। सफाई कर्मचारी को कभी भी कहीं भी किसी भी जगह में ट्रांसफर कर दिया जाता है। इसके कारण वह कर्मचारी भी परेशान हैं। वार्डवासी भी परेशान रहते हैं। सफाई पूरे वार्ड की चरमरा गई है। निगम के अधिकारियों से शिकायत के बाद भी समस्या का निराकरण नहीं हो पा रहा है।

## छग की शिक्षा व्यवस्था पर संकटः वोरा

दुर्ग। छत्तीसगढ़ में शिक्षा व्यवस्था का स्तर दिन पर दिन घटता जा रहा है, अब सरकार एक और बड़े बदलाव की ओर बढ़ रही है, लेकिन यह बदलाव विकास से ज्यादा विनाश की आहट लेकर आया है। राज्य सरकार ने स्कूलों के 'युक्तियुक्तकरण के नाम पर एक ऐसा फैसला लिया है, जो न सिर्फ 10,463 स्कूलों को बंद करने की ओर बढ़ रहा है, बल्कि प्रदेश के शिक्षा तंत्र की रीढ़ माने जाने वाले 45,000 शिक्षकों की नौकरियों पर भी गहरी चोट करने जा रहा है। इस पर अब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक अरुण वोरा ने खुलकर विरोध जताया है। वोरा का कहना है कि, प्रदेश में पहले से ही 297 स्कूल बिना किसी शिक्षक के चल रहे हैं, जबकि 7,127 स्कूलों में केवल एक शिक्षक कार्यरत हैं। ऐसे में जरूरत थी कि खाली पदों पर शीघ्र भर्ती कर शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए, लेकिन सरकार उल्टा रास्ता चुनते हुए शिक्षकों के पद ही खत्म करने की ओर बढ़ रही है। प्रदेश का शिक्षक वर्ग पहले ही भाजपा सरकार के झूठे वादों से आहत है, अब युक्तियुक्तकरण जैसे फैसले ने उनकी नौकरी की स्थिरता और भविष्य पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब B.Ed-D.Ed सिर्फ फ्रेम में लगाने लायक डिग्रियां बन गई हैं। क्योंकि सरकार को शिक्षक नहीं, खर्च दिखते हैं। सरकार खुद मान रही है कि शिक्षकों का बोझ अब उसके बजट पर भारी पड़ रहा है, इसलिए स्कूलों को मिलाया जाएगा और शिक्षक कम किए जाएंगे। उन्होंने कहा भाजपा सरकार ने विधानसभा में खुद स्वीकार किया था कि, प्रदेश में 58,000 शिक्षकों के पद रिक्त हैं। बजट में 35,000 पद भरने का वादा किया गया।

## पूर्व विधायक वोरा को दुकानदारों ने सौंपा ज्ञापन

# गुमटियों की नीलामी को लेकर पनपा आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

- पूर्व में व्यवस्थापन कराने की थी तैयारी



राजेन्द्र पार्क चौपाटी में 20 साल से दुकान चला रहे व्यापारियों को नीलामी का नोटिस नगरनिगम द्वारा जारी किया गया है। पूर्व में इन दुकानदारों को व्यवस्थापन के लिए गुमटियां वितरण में प्राथमिकता देने की बात कही गई थी। लेकिन कांग्रेस से भाजपा की सत्ता बदलने के बाद इसे नीलामी के आधार पर वितरण किए जाने की तैयारी से दुकानदारों में आक्रोश है।

राजेन्द्र पार्क चौपाटी, दुर्ग में बीते दो दशकों से दुकान लगाकर अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहे छोटे दुकानदारों को नई दुकानों के आबंटन में प्राथमिकता नहीं देने को लेकर अब विवाद गहराता जा रहा है। इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और दुर्ग के पूर्व विधायक अरुण वोरा ने नगर निगम प्रशासन और महापौर को पत्र लिखकर इन दुकानदारों के हक़ में उचित कार्यवाही की मांग की है।

गौरतलब है कि, नगर निगम द्वारा हाल ही में राजेन्द्र चौपाटी में नई दुकानों का निर्माण कराया गया है। निर्माण के समय पूर्व आयुक्त द्वारा पुराने दुकानदारों को यह आश्वासन दिया गया था कि, निर्माण कार्य के बाद उन्हीं दुकानदारों को प्राथमिकता के आधार पर न्यूनतम दरों में दुकानें आबंटित की जाएंगी। लेकिन अब उन्हें नीलामी प्रक्रिया के जरिए भारी राशि चुकाकर दुकान लेने को कहा जा रहा है, जिससे दुकानदारों में भारी

### दुकानदारों ने कहा बीस साल से व्यवसाय कर रहे

छोटे दुकानदारों का कहना है कि, वे बीते 20 वर्षों से यहां व्यवसाय कर रहे हैं और पूर्व आयुक्त के मौखिक आश्वासन के बाद ही उन्होंने निर्माण कार्य में सहयोग दिया था। अब जब दुकानें बनकर तैयार हैं, तो उन्हें दरकिनार कर बोली प्रक्रिया के जरिए अन्य लोगों को दुकानें देने की तैयारी की जा रही है।

# भिलाई के 6 कराटे खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित



भिलाई। सेक्टर-5 इस्पात क्लब से प्रशिक्षित 6 होनहार कराटे खिलाड़ियों का चयन नेशनल कैडेट जूनियर व सब-जूनियर कराटे चैंपियनशिप 2025 के लिए हुआ है। प्रतियोगिता 12 से 15 जून तक देहरादून उत्तराखंड में आयोजित होगी। खिलाड़ियों के कोच रमेश एवं राजेश हैं। इन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने पिछली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक जीतकर भिलाई का नाम रोशन किया था। इस बार भी उनसे शानदार प्रदर्शन की उम्मीद है। यह दल 9 जून को प्रतियोगिता के लिए देहरादून रवाना होगा। ओलंपिक खिलाड़ी राजेंद्र प्रसाद एवं मुकेश तिवारी ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ये बच्चे भिलाई की नई खेल प्रतिभा के प्रतीक है। भविष्य के चमकते सितारे बन सकते हैं। टीम में रजनी ओरण, बरखा ओरण, पुष्पांजलि बंजारे, प्रज्ञा बंजारे, अन्नपूर्णा साहू, खुशी जोशी शामिल हैं।

## म्यूल एकाउंट धारक गिरफ्तार

राजनांदगांव। म्यूल एकाउंट खाता धारकों के खिलाफ पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिसके तहत डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा एक और म्यूल एकाउंट धारक को गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा आज फिर एक म्यूल एकाउंट धारक के विरूद्ध कार्रवाई किया है। भारत सरकार गृह मंत्रालय द्वारा संचालित भारतीय सायबर अपराध समन्वय केन्द्र के समन्वय पोर्टल में ऐसे म्यूल बैंक एकाउंट जिसका इस्तेमाल सायबर धोखाधड़ी से प्राप्त राशि का व्ययन करने, उपयोग करने व संवर्धन करने के लिए उपयोग में लाया गया है, की जानकारी समन्वय पोर्टल में प्रदर्शित होता है।

## पेज 11 के शेष

### भाजपा का 'संकल्प ...

बूथ स्तर पर चौपाल कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जहां मोदी सरकार की 11 वर्षों की उपलब्धियों पर चर्चा की जाएगी। 3. आयुष्मान योजनाः शत-प्रतिशत वरिष्ठ नागरिकों का पंजीकरण और कार्ड वितरण किया जाएगा। 4. विकसित भारत का संकल्पः लोगों को विकसित भारत का संकल्प दिलाया जाएगा। 5. साहित्य वितरणः मोदी सरकार की 11 वर्षों की उपलब्धियों का साहित्य घर-घर वितरित किया जाएगा। साथ ही जिला स्तर पर सेमिनार, लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान और प्रदर्शनी जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

## खबर संक्षेप



### सीसी रोड निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन

**हरिभूमि बरबसपुर।** कवर्धा विधानसभा क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत बरबसपुर के आश्रित ग्राम बीजाझोरी को सीसी रोड नव-निर्माण के लिए 10 लाख रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति मिली है। ग्राम बीजाझोरी में सीसी रोड निर्माण के लिए डिप्टी सीएम विजय शर्मा के अनुशंसा पर राशि स्वीकृत होते ही जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं द्वारा विधि विधान से सीसी रोड निर्माण की नीव व भूमिपूजन किया। जिस पर श्रीमती सुषमा बघेल ने बताया कि सीसी रोड नव-निर्माण होने के बाद ग्रामवासियों को बरसात के दिनों में कीचड़ से राहत तथा आने जाने में सुविधा तथा बुनियादी समस्या का लाभ मिलेगी। भूमि पूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती सुषमा गणपत बघेल, जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा विजय पटेल, पंचराम कोशले, वीर सिंह पटेल, धनीराम चंद्रवंशी, आत्मादास मानिकपुरी, जगेशर पटेल एवं प्रकाश यादव तथा समस्त ग्रामवासी गण उपस्थित थें।

### चिमरा स्कूल में पौधारोपण के साथ सरंक्षण का लिया संकल्प



**हरिभूमि कवर्धा।** विश्व पर्यावरण दिवस पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चिमरा में सेवानिवृत्त प्रधान अध्यापक दिलीप सिंह ठाकुर, पर्यावरण मित्र पुरस्कार से सम्मानित को अतिथि के रूप में आमंत्रित कर यूथ एवं इको क्लब के सदस्यों द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में 50 पौधों का रोपण किया गया, वहीं बच्चों ने काली मिट्टी, खाद एवं उचित मात्रा में पानी उपलब्ध कर विश्व पर्यावरण दिवस पर स्कूल परिसर में शिक्षक विष्णु दत्त कौशिक, प्रभारी प्रधान अध्यापक दिलीप कुमार नागवंशी, शक्तिवनदास राय, श्रीमती मालती चंद्रवशी और श्रीमती नीलिमा तिवारी के मार्गदर्शन में पौधरोपण के साथ पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम में स्कूली बच्चों को सिंगल उसे प्लास्टिक का उपयोग न करने जन जागरूकता के लिए उन्हें कपड़े की थैली का वितरण किया गया, समस्त छात्रों को टोपिया और पर्यावरण संरक्षण के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल में हरियाली एवं एक पेड़ अपने नाम एक पेड़ मां के नाम का पौधरोपण किया गया। वहीं आगामी सत्र में किचन गार्डन का निर्माण जल संरक्षण हेतु पानी की सदुपयोग के लिए नदियों का निर्माण कचरो का उचित निपटारा व्यक्तिगत स्वच्छता एवं स्कूल परिषर में हरियाली विकसित करने कार्य योजना भी तैयार कर मूर्त रूप देने शिक्षक भी संकल्पित हुए।

**समस्या : 72 हजार हेक्टेयर में ली जाएगी धान फसल**

# इस बार खेती किसानी की तैयारी से पहले मानसून ने दी दस्तक देकर डाला खलल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा



इस बार पंद्रह दिन से पहले ही मानसून के प्रदेश में आने से जिले के किसान चिंतित हो गए हैं। खेती-किसानी की तैयारी के बीच मानसून के यूं आ जाने से किसानों में संशय की स्थिति निर्मित है। खाद व बीज सहित खेती में कचरों की सफाई के पहले ही बारिश ने किसानों को चिंता में डाल दी है। बारिश देख किसान जुताई कार्य का मन बना रहे हैं, लेकिन उन्होंने मानसून ब्रेक की चिंता भी सता रही है।

- मानसून ब्रेक की चिंता से अटकी तैयारियां

हरिभूमि ने कई किसानों से इस विषय पर चर्चा कि जिसमें ज्यादातर का कहना था कि अगर वे बोआई करते हैं तो आने वाले दिनों में बारिश रुक गई और मानसून ब्रेक होने पर उन्हें नुकसान का सामना करना पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि इस साल जिले में एक लाख 72 हजार हेक्टेवर में धान की फसल ली जानी है। हर साल मानसून नौतपा के निपटने के बाद जून माह के पखवाड़ा बीतने के बाद सक्रिय होता आया है, लेकिन इस बार नौतपा के बीच मानसून के दस्तक ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है।

मौसम वैज्ञानिकों की माने तो 50 साल बाद ऐसी स्थिति है कि नौतपा के बीच मानसून ने दस्तक दे दी है। किसान सिवाराम निषाद ने बताया कि इस बार वे खेतों के कचरों की सफाई नहीं कर पाए है। वहीं सोसायटी से अभी बीज और खाद भी नहीं ले पाए हैं।

इससे पहले बारिश होने से चिर्तित है। किसान पुकेश्वर साहू ने बताया कि अभी जुताई के लायक बारिश नहीं हुई है, जुताई करने पर उपरी हिस्से की मिट्टी निकल रही है। उनका कहना है कि जुताई के लिए और बारिश की जरूरत है।

#### एक ही रास्ता इंतजार का

कृषि वैज्ञानिकों ने बताया कि अभी किसानों को बुवाई में हड़बड़ी ना करते हुए मानसून पूरी तरह से सक्रिय होने की सलाह दी जा रही हैं। हालांकि मौसम विभाग ने इस बार पर्याप्त बारिश की संभावना व्यक्त की है लेकिन खेती के अनुसार जमीन पूरी तरह से गिला होने पर ही बुवाई करने कहा जा रहा है। ताकि मानसून ब्रेक होने पर नमी से अंकुरण हो सके ऐसी स्थिति करीब 50 साल बाद बनी है इसलिए मौसम की नजाकत को समझना होगा ओर वर्तमान समय में इंतजार ही एक रास्ता है।

#### खर्रा बांवत भी नहीं कर पाए किसान

मानसून का समय से पहले दस्तक देने से इस बार किसान खेती की तैयारी नहीं कर पाए हैं। बारिश के कारण नमी अधिक हो गई। पहली जुताई खर्रा बांवत के आधार पर होती है परंतु इस बार समय से पहले बारिश के कारण जुताई नहीं हुई है। कृषि के जानकारों का कहना है कि अभी शुरुआत में कम बारिश की जरूरत है अभी जमीन प्राप्त तरह से भीग नहीं है ,उनका कहना है कि अधिक बारिश से मिट्टी भीग जाने से की समस्या होगी इसलिए किसान बोआई में हड़बड़ी न कर सही बावंत का इंतजार करें।



## सिंगरौर कुर्मी क्षत्रिय समाज की रीना बनी जिला उपाध्यक्ष

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ सिंगरौर कुर्मी क्षत्रिय समाज का संगठन की चुनावी प्रक्रिया जारी है। जिले के पदाधिकारियों का चुनाव आगामी 15 जून जिला मुख्यालय स्थित सिंगरौर कुर्मी भवन कंतेली में होना है । जिसमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष पद पुरुष, उपाध्यक्ष पद महिला, कोषाध्यक्ष व सचिव पद के लिए नामांकन, फार्म भरना व नामांकन वापस लेना सिम्बांल वितरण के कार्य पूर्ण हो चुका है। पूर्व जनपद अध्यक्ष रीना मिथलेश वर्मा का उपाध्यक्ष पद निर्विरोध निर्वाचित हुई। जानकारी देते हुए सामाजिक सदस्य नेमसिंह वर्मा ने बताया कि शेष पदों के निर्वाचन की प्रक्रिया तय तिथि पर पूरी होगी।

## समाधान शिविर में शिकवा शिकायत के बाद भी ग्रामीण बिजली कटौती से परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव सहित दामापुर क्षेत्र में बिजली कटौती से आम नागरिक को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां बताना लाजिमी होगा कि कोलेगांव कैंप समाधान शिविर में ग्रामीण किसान द्वारा शिकवा शिकायत क्षेत्र के उत्कृष्ट विधायक श्रीमती भावना बोहरा को समाधान शिविर में अवगत कराया गया। जिस पर बिजली विभागीय को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। लेकिन वर्तमान में बिजली कटौती की समस्या से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## क्षेत्रीय समस्याओं से रूबरू होकर गुणवत्तापूर्ण निराकरण करें: सांसद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

सांसद संतोष पाण्डेय की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति दिशा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनप्रतिनिधियों एवं समिति सदस्यों की उपस्थिति में केंद्र सरकार की विभिन्न जन-कल्याणकारी योजनाओं, सेवाओं एवं कार्यक्रमों की विभागवार समीक्षा की गई।

सांसद श्री पाण्डेय ने कहा कि जिले के समग्र विकास की दिशा में दिशा समिति की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। समिति की बैठक में केंद्र सरकार की योजनाओं की विस्तृत चर्चा कर कार्यो की प्रगति की जानकारी ली जाती है, जिससे योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि यह मंच जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच समन्वय स्थापित करने का सशक्त माध्यम है। दोनों पक्ष एक-दूसरे से चर्चा कर समस्याओं को समझते हैं और उनके समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाए जाते हैं। श्री पाण्डेय ने संबंधित अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और लाभार्थियों तक उनका सीधा लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए।

सांसद ने कहा कि जिले के सर्वांगीण विकास के लिए हम सभी को पूरी सिद्दत और समर्पण के साथ कार्य करना होगा। शासन की योजनाएं और कार्यक्रम धरातल पर प्रभावी रूप से क्रियान्वित हो। सांसद ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं, सेवाओं और कार्यक्रमों की इस बैठक में विस्तार से समीक्षा की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि समिति की सार्थकता तभी है जब अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत फीडबैक का समुचित निगरानी एवं समन्वय के साथ परीक्षण हो। श्री पाण्डेय ने कहा कि बैठक में दिए गए सभी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन होनी चाहिए। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति दिशा के मनोनित सदस्यों और जनप्रतिनिधियों द्वारा क्षेत्र के समस्याओं के निदान के लिए अवगत कराया गया है। उन सभी समस्याओं के निराकरण के लिए समय सीमा तय करते हुए निर्धारित समय में गुणवत्ता के साथ निराकरण किया जाए। जहां शिकायत मिली है वहां प्राथमिकता से ध्यान देते हुए निराकरण करना सुनिश्चित करे।

## किशोर न्याय बोर्ड परिसर में किया गया पौधारोपण



हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

विश्व पर्यावरण दिवस पर जहां शहर में कई जगहों पर शासकीय आयोजन सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के द्वारा वृक्षारोपण कर पर्यावरण सहेजने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता बताई गई और पौधारोपण किए गए।

इसी कड़ी में बेमेतरा स्थित किशोर न्याय बोर्ड परिसर में भी बोर्ड के सदस्यों एवं कर्मचारियों के द्वारा बरगद का पेड़ लगाया गया। बरगद के पेड़ लगाने के साथ-साथ उपस्थित सभी लोगों ने पेड़ को संरक्षित कर इसे सहेजने का भी शपथ लिया। इस अवसर पर किशोर नया बोर्ड के सदस्य शेषनारायण मिश्रा, मनीषा तिवारी, साक्षी बाजपेई, लक्ष्मी साहू सदस्य बाल कल्याण समिति के साथ-साथ अश्विनी सिंन्हा राजेंद्र सिंह, हेमलता नाविक, शाहिस्ता परवीन कृष्ण कुमार चंद्राकर, महेश पटेल एवं आशीष सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



### शाला प्रांगण बलौदीकला में बादाम के पौधे किया रोपित

**बेरला।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शाला प्रांगण बलौदीकला में तीन बादाम के पौधे रोपित कर उसे तार जाली लगाकर सुरक्षित किया गया। उन्होंने बताया कि सिर्फ पौधे लगाना पर्याप्त नहीं है इसे सुरक्षित रखना भी जरूरी है। यह हम सभी का सामाजिक दायित्व है। इस अवसर पर कोमल साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, डुगेशवर साहू उपाध्यक्ष, पंचु पटेल पंच, सरस्वती पटेल पंच, राजू राजपूत, चंद्रकुमार निषाद, धुर सिंह चंद्राकर, माखन चक्रधारी इंद्रकुमार साहू,डोमार साहू, विकाश शर्मा, हीरामन चक्रधारी, आंगन बाड़ी कार्यकर्ता रामदुलारी साहू, हिरकनी पटेल, आंगन बाड़ी सहायिका मंटोरा व आशा निषाद सहित छात्र टोमेंदर साहू, कुलेश्वर साहू, संस्था प्रमुख राजेश कुमार यादव, शिक्षक सुनील कुमार साहू, गजानंद वर्मा उपस्थित रहे। इस दौरान सदस्यों से कहा गया कि 5 जून से 30 सितंबर तक प्रत्येक व्यक्ति अपनी मां के नाम एक पौधा रोपित कर उसे सुरक्षित रखें।

### राष्ट्रीय गौरव अवार्ड से डॉ. भगवती साहू सम्मानित



**हरिभूमि पंडरिया।** नई उम्मीद उज्जवल भविष्य शिक्षा संघ के डायरेक्टर डॉ भगवती साहू को राष्ट्रीय गौरव पुरस्कार छत्तीसगढ़ के रायपुर में सम्मानित किया गया । शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में लगातार 2019 से बेहतर कार्य कर रहे मुंगेली जिला के डॉ भगवती साहू को स्वास्थ्य रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि श्याम बिहारी जायसवाल स्वास्थ्य मंत्री छत्तीसगढ़ शासन, श्रद्धेय बालकदास महाराज पाटेश्वर धाम बालोद, राजेश अग्रवाल व्यवसायी एवं समाज सेवी तथा अन्य अतिथि उपस्थित थें। बालकदास महाराज ने कहा की नई उम्मीद उज्जवल भविष्य शिक्षा संघ ने युवा के लिए लाइफ मे कुछ कर जाने वाले युवाओं के लिए जो मौका लाया है वह काबिले तारीफ है, इस संघ के माध्यम से युवाओं को अपने कैरियर बनाने सपने पुरे करने का मौका मिला है, जिससे समाज सेवा के साथ-साथ आय की भी प्राप्ति होंगी। डॉ भगवती साहू ने कहा की मुझे राष्ट्रीय गौरव अवार्ड से सम्मनित किया जाने के लिए सभी का दिल से आभार। हमारा उदेश्य सिर्फ पैसा कमाना नहीं है, बल्कि हमारा उदेश्य हमारे आने वाले पीढ़ी एवं युवाओं को ऐसे कामयाब करना जिससे अपने भविष्य को सुरक्षित एवं अपने परिवार और देश का नाम रौशन कर सके।

## राज्य सरकार का संकल्प, कोई नागरिक भूखा न सोंये



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

शासकीय उचित मूल्य की दुकान कोदवा आईडी 572004025 में सोसायटी अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी, सरपंच श्रीमती रासमणि पंचराम भास्कर, उपसरपंच श्रीमती गायत्री चंद्रवंशी एवं समस्त पंचगण व हितग्राहियों के साथ चावल उत्सव मनाया गया। राज्य खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार 1 से 7 जून तक चावल उत्सव के दौरान सभी उचित मूल्य की दुकानों में चावल वितरण किया जा रहा है , चावल उत्सव के महापर्व पर शुक्रवार को शासकीय उचित मूल्य की दुकान हथमुंड़ी में सोसायटी अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी, सरपंच राजमणि भास्कर, उपसरपंच गायत्री चंद्रवंशी एवं समस्त पंचगणों के उपस्थिति में पात्र राशनकार्डधारी हितग्राहियों को 3 माह का निःशुल्क एकमुश्त राशन वितरण कर चावल उत्सव मनाया गया।

#### बालमुकुंद चंद्रवंशी के उपस्थिति में मनाया चावल उत्सव

सेवा सहकारी समिति पेंड्रीकला अध्यक्ष एवं भाजपा मण्डल कुण्डा अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी ने चावल उत्सव का शुभारंभ करते हुए हितग्राहियों को संबोधित किया कि छत्तीसगढ़ सरकार का संकल्प है कि कोई नागरिक भूखा न सोंये चावल वितरण का यह कार्यक्रम इस संकल्प की ओर सशक्त कदम है। श्री चंद्रवंशी ने बताया कि राज्य शासन द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत जून, जुलाई व अगस्त माह का चावल एक साथ आबंटित किया जा रहा है, ग्रामीण अपने सुविधा के अनुसार एक माह या तीन माह का चावल एक साथ ले सकते है तीन माह का चावल उठाने का बाध्यता नहीं है अन्य राशन सामग्री शक्कर नामक इत्यादि का वितरण नागरिक आपूर्ति निगम के उल्ब्ध स्टॉक के आधार पर प्रत्येक माह पृथक पृथक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चावल उत्सव के दिन ही तीन माह के चावल का वितरण राज्य सरकार द्वारा सुनिश्चित किया गया है।

**शांति से सब काम होता है, क्रोध करने से कुछ नहीं मिलता: कथा व्यास**

# समुद्र मंथन की तरह आत्म मंथन से निकलता है अमृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ स/लोहारा

सहसपुर लोहारा विकासखण्ड के ग्राम टाटीकसा में सेवानिवृत्त शिक्षक अर्जुन प्रसाद तिवारी के निवास में रुसे पंडरिया के भागवताचार्य पं पुरुषोत्तम प्रसाद शास्त्री भागवत मानस व्यास द्वारा श्रीमद्भागवत की कथा सुनाई जा रही है। वहीं परायणकर्ता पं गोवर्धन प्रसाद त्रिपाठी विराजमान है। श्रीमद्भागवत की कथा सुनने स्थानीय ग्रामीणों के अलावा दूर-दराज से भक्तजनो की भारी भीड़ उमड़ रही है व कथा रसपान का लाभ ले रहे हैं। संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा में समुद्र मंथन की कथा के विषय में भागवत के मर्मज्ञ भागवताचार्य पुरुषोत्तम प्रसाद शास्त्री ने बताया कि भगवान विष्णु ने देवताओं से आगे कहा कि तुम लोग बिना विलंब किए अमृत निकालने का प्रयत्न करो। उसे पी लेने पर मरने वाला प्राणी भी अमर हो जाता है। पहले क्षीरसागर में सब प्रकार के घास, तिनके, लताएं और औषधियां डाल दो। फिर तुमलोग मंदराचल की मथानी और वासुकि नाग की नेती (रस्सी) बनाकर मेरी सहायता से समुद्र का मंथन करो। उन्होंने देवताओं को विश्वास दिलाते हुए कहा दैत्यों को केवल श्रम और क्लेश मिलेगा जबकि तुम लोगों को अमृत फल की प्राप्ति होगी। असुर लोग जो भी चाहे



वह सब स्वीकार कर लो, शांति से सब काम होता है क्रोध करने से कुछ नहीं मिलता।

भगवान विष्णु ने देवताओं को समझाते हुए कहा, पहले समुद्र से कालकूट विष निकलेगा उससे डरना नहीं, किसी भी वस्तु के लिए कभी भी लोभ ना करना। पहले तो किसी वस्तु की कामना ही नहीं करनी चाहिए परंतु यदि कामना हो और वह पूरी ना हो तो क्रोध तो करना ही नहीं चाहिए। भगवान विष्णु के आदेशानुसार इंद्र आदि देवता दैत्यों के राजा बलि के पास पाताल लोक गए, राजा बलि ने तीनों लोकों को जीत लिया था। इंद्र ने राजा बलि को समुद्र मंथन और उससे प्राप्त होने वाले अमृत की कथा बतायी। अमृत प्राप्ति के लोभ में असुरों ने देवताओं से संधि कर ली। वहीं समुद्र मंथन में जब भगवान शिव ने विषपान कर लिया तब पुनः देवताओं और असुरों द्वारा समुद्र मंथन प्रारंभ किया गया। इस बार समुद्र मंथन से देवकार्य की सिद्धि के लिए अमृतमयी कलाओं से परिपूर्ण चंद्रदेव प्रकट हुए। समुद्र मंथन के क्रम में कामधेनु गाय प्रकट हुई। वह अग्निहोत्र की सामग्री उत्पन्न करने वाली थी इसलिए ब्रह्मलोक तक पहुंचाने वाले यज्ञ के लिए उपयोगी पवित्र घी, दूध आदि प्राप्त करने के लिए ब्रह्मवादी ऋषियों ने उसे ग्रहण कर लिया। इसके पश्चात समुद्र मंथन से स्वर्ग लोक की शोभा बढ़ाने वाले कल्पवृक्ष, पारिजात, च्यूत और संतान नामक चार दिव्य वृक्ष प्रकट हुए जिसे देवताओं ने अपने पास रख लिया। कल्पवृक्ष याचकों की इच्छाएं उनकी इच्छित वस्तु देकर पूर्ण करता रहता है। इसके बाद उच्चैःश्रवा नामक घोड़ा निकला। वह चंद्रमा के समान श्वेत वर्ण का था। राजा बलि ने उसे लेने की इच्छा प्रकट की। इसके पश्चात ऐरावत नामक श्रेष्ठ हाथी निकला। उसके बड़े-बड़े चार दांत जो उज्जवल वर्ण के थे, कैलाश की शोभा को भी मात करते थे। ऐरावत के साथ श्वेत वर्ण के चौसठ हाथी और थे। तत्पश्चात कौस्तुभ नामक पद्मराग मणि निकली जिसे अजित भगवान ने अपने हृदय पर धारण कर लिया। इसके पश्चात समुद्र से भांग, काकड़ासिंगी, लहसुन, गाज, अत्यधिक उन्मादकारक धतूर तथा पुष्कर आदि बहुत सी वस्तुएं प्रकट हुई। इसके पश्चात सुंदर वस्त्रों से सुसज्जित एवं गले में स्वर्ण हार पहने रम्भा सहित कई अप्सराएं प्रकट हुई। इसके बाद शोभा की मूर्ति स्वयं भगवती लक्ष्मी प्रकट हुईं जिन्हें ब्रह्मवेत्ता पुरुष आन्वीक्षिका (वेदांत विद्या) कहते हैं।

कुछ इन्हें वैष्णवी भी कहते हैं। वे भगवान की नित्यशक्ति हैं। इसके बाद समुद्र मंथन करने पर कमलनयनी कन्या के रूप में वारुणी देवी (मदिरा) प्रकट हुई। भगवान की अनुमति से दैत्यों ने उसे ले लिया। इसके पश्चात अमृत प्राप्ति की इच्छा से जब और समुद्र मंथन किया गया तब उसमें से एक अत्यंत अलौकिक पुरुष प्रकट हुए। वे साक्षात भगवान विष्णु के अंशांश अवतार थे। वे ही आयुर्वेद के प्रवर्तक और यज्ञभोक्ता धनवंतरी के नाम से प्रसिद्ध हुए। जब दैत्यों की दृष्टि उनके हाथ में रखे अमृत कलश पर पड़ी तब उन्होंने शीघ्रता से उस अमृत कलश को छीन लिया और भगवान विष्णु ने मोहिनी रूप धारण कर लिया जो बहुत ही अलौकिक स्वरूप थे जिसे देखकर दैत्य क्या देवता भी मोहित हुए बगैर नहीं रहे, यह श्री हरि विष्णु की लीला ही थी। वहीं क्षेत्र में श्रीमद्भागवत कथा के आयोजन से भक्तिमय का माहौल बना हुआ है।

## विधायक ने छात्र-छात्राओं से मुलाकात कर किया प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों के लिए संचालित लक्ष्य निःशुल्क कोचिंग में आज उन्होंने अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से मुलाकात कर उन्हें प्रोत्साहित किया। इस दौरान भावना बोहरा ने बच्चों के साथ अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभव साझा कर उनका मार्गदर्शन किया साथ ही कोचिंग में पढ़ाई व सुविधाओं के संबंध में भी चर्चा कर मन लगाकर पढ़ाई करने की बात कही। विदित हो की पंडरिया विधायक द्वारा विधानसभा क्षेत्र के ऐसे युवा जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करना चाहते हैं, परन्तु संसाधनों की कमी व परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक न होने की वजह से वह पीछे रह जाते हैं। उनके लिए सार्थक प्रयास किया जा रहा है। उनके द्वारा पंडरिया में संचालित लक्ष्य निःशुल्क कोचिंग सेंटर में आईआईटी-जी, नीट और सीजीपीएससी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले 220 से अधिक छात्र-छात्राओं को निःशुल्क कोचिंग की सुविधा मिल रही है। इस अवसर पर श्रीमती भावना बोहरा ने सभी बच्चों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लक्ष्य निःशुल्क कोचिंग सेंटर की स्थापना का हमारा मुख्य उद्देश्य ऐसे प्रतिभावान विद्यार्थियों जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं।

